एक नजर में

आदिवासी समाज के क्रांतिकारियों के गाता (मूर्ति) स्थापना को लेकर बैठक आयोजित की

कसरावद, निप्र। आदिवासी समाज के क्रांतिकारियों के गाता (मूर्ति) स्थापना को लेकर कृषि उपज मंडी प्रांगण में जयस संगठन व सर्व आदिवासी समाज के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार मोहरे द्वारा की गई। बैठक में समाज की एकता और सामाजिक मिशन को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। तहसील मुख्यालय व आदिवासी क्षेत्रों में गाता (मूर्ति) स्थापना तथा सांस्कृतिक सामाजिक और जन जागरूकता कार्यक्रम को लेकर सर्व सहमति से निर्णय लिये गये।बैठक में समस्त सामाजिक संगठनो के प्रतिनिधित्व द्वारा अपने-अपने विचार रखें व सामाजिक एकता को मजबूत करने पर जोर दिया गया। अंत में सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक अध्यक्ष रणजीत सिंह मंडलोई द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।इस दौरान जयस अध्यक्ष कपिल खराडे, आदिवासी छात्र संगठन संरक्षक सोमल चौहान, जिला कार्यकारी अध्यक्ष उमेश ठाकुर,अजाक्स ब्लॉक अध्यक्ष गुलाब सिंह देवले, एडवोकेट लखन भावरे, शंकर मेड़ा, पदमसिंह जमरे, अरविंद भूरिया, सूर्या धारवे, बालु सिंह जमरे, कृष्णा वास्कले, गोलू गिरवाल, नांनसिह मंडलोई, कालू ब्राह्मणे, प्रवेश डावर, प्रेम गांगले, शंकर निंगवाल सहित बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद थे।

विवाह योग्य युवक -युवतियों के लिए एक दिवसीय परिचय सम्मेलन का आयोजन

बड़वाह, निप्र। अग्रसैन सोशल ग्रुप बड़वाह पहली बार अग्रवाल वैश्य समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों के लिये एक दिवसीय परिचय सम्मेलन का आयोजन 15 मार्च को जायसवाल अतिथि भवन शिव कोठी ओंकारेश्वर तीर्थ पर आयोजित किया जावेगा। परिचय सम्मेलन में मध्यप्रदेश राजस्थान गुजरात आदि राज्यो से एक हजार से अधिक प्रत्याशी भाग लेंगे। निमाड़ क्षेत्र में ग्रुप के पहले परिचय सम्मेलन को लेकर बहुत उत्साह हैं एवं सभी वैश्य समाजो का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। ग्रुप अध्यक्ष ने बताया की प्रविष्टि प्रकाशन पूर्णत: नि:शुल्क हैं।प्रविष्टियां ऑनलाईन एवं व्हाट्सएप पर भी स्वीकार की जा रहीहैं।पूरे मध्यप्रदेश में सम्मेलन के फॉर्म उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। कल श्री माताजी मन्दिर में फॉर्म श्री माताजी को अर्पित कर सम्मेलन की सफलता के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही श्री राकेश जी गुप्ता अच्छकच्छ नगरपालिका बड़वाह द्वारा फॉर्म का विमोचन किया गया। इस अवसर पर जगदीश अग्रवाल डॉक्टर अग्रवाल साब प्रदीप अग्रवाल रवि एरन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। प्राप्त सभी प्रविष्टियों को मिलान फोर कलर पुस्तिका में सचित्र प्रकाशित किया जावेगा। परिचय सम्मेलन को अग्रसैन सोशल ग्रुप इंदौर का भी पूरा मार्गदर्शन सहयोग मिल रहा है।

मंडन मिश्र कॉलेज में राष्ट्रीय शोध सेमिनार का आयोजन आज, विधायक राजकुमार मेव करेंगे शुभारंभ

मंडलेश्वर, निप्र। आचार्य मंडन मिश्र शासकीय महाविद्यालय मंडलेश्वर में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध सेमिनार का आयोजन 10 से 11 जनवरी तक किया जा रहा है।प्राचार्य डॉ एम एस चौहान ने बताया कि 10 फरवरी को सेमिनार का शुभारंभ विधायक राजकुमार मेव करेंगे।उनके उद्घाटन भाषण के बाद विषय विशेषज्ञ अपना व्याख्यान देंगे।इनमें शिवाजी कॉलेज परभणी पुणे के मिलेट्री साइंस विभाग के प्रोफेसर और शोध निदेशक डॉ चंद्रकांत बंशीधर भांगे, और एम जे पी वी ए एस सी कॉलेज नंदूरबार महाराष्ट्र के जियोग्राफी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ विजय कुमार ओनेकर शामिल है। राष्ट्रीय शोध सेमिनार के संयोजक डॉ ओ एस परिहार सह संयोजक डॉ प्रवीर पाण्डेय ने बताया कि सेमिनार के दूसरे दिन 11 फरवरी को शासकीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज भोपाल के गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ संदीप मल्होत्रा और शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू के प्राणिशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ अनिता सोलंकी कनास का व्याख्यान होगा।सेमिनार के मुख्य संरक्षक महेश्वर विधायक राजकुमार मेव है।दूसरे मुख्य संरक्षक उच्च शिक्षा विभाग इंदौर संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ आर सी दीक्षित है।विशेष संरक्षक महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष रामदास शर्मा है।संस्था के प्राचार्य डॉ एम एस चौहान सेमिनार के संरक्षक है। परामर्श मंडल में पी एम श्री कॉलेज खरगोन ने प्राचार्य डॉ जी एस चौहान और मंडन मिश्र कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी प्रो राजगुरु पाटीदार शामिल है।संयोजक डॉ ओ एस परिहार सह संयोजक डॉ प्रवीर पाण्डेय आयोजन सचिव डॉ संतोष बर्डे एवं सह सचिव डॉ एस एस ठाकुर है।

पहले ही प्रयास में यूजीसी .नेट उत्तीर्ण कर रुचिका पाटीदार ने बढ़ाया महाविद्यालय का मान

खरगोन, निप्र। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की अंग्रेजी साहित्य की छात्रा रुचिका पाटीदार ने यूजीसी .नेट परीक्षा को पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। रुचिका ने यह सफलता पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई के साथ-साथ प्राप्त की, जो उनकी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन को दर्शाती है। इस उपलब्धि पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने रुचिका पाटीदार को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। वहीं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. वंदना बर्वे एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. रविंद्र बर्वे ने भी उन्हें बधाई देते हुए इसे महाविद्यालय एवं विभाग के लिए गर्व का क्षण बताया। रुचिका ने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय के शिक्षकों को देते हुए बताया कि अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रंजीता पाटीदार, डॉ. गगन पाटीदार, धर्मेन्द्र पाटीदार एवं डॉ. तुषार जाधव ने परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्हें निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया।

जिले में 2027 की जनगणना के लिए जनगणना अधिकारी नियुक्त कर दिया है

खरगोन, निप्र। भारत की आगामी जनगणना 2027 की तैयारियां तेज हो गई हैं। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 4(2) के तहत जिले के वर्तमान पदस्थ अधिकारियों को मकानसूचीकरण, मकानों की गणना एवं जनसंख्या गणना के दो चरणों के लिए जनगणना अधिकारी नियुक्त कर दिया है। जिला स्तर पर कलेक्टर खरगोन को प्रमुख जनगणना अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर को जिला जनगणना प्रभारी एवं जिला योजना अधिकारी को अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी बनाया गया है। अनुविभागीय स्तर पर बड़वाह, भीकनगांव, खरगोन, मण्डलेश्वर एवं कसरावद के अनुविभागीय अधिकारियों को अनुविभागीय जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया। तहसील स्तर पर खरगोन नगर-ग्रामीण, बड़वाह, गोगावां, सनावद, भगवानपुरा, भीकनगांव, झिरन्या, सेगांव, महेश्वर एवं कसरावद के तहसीलदारों को चार्ज जनगणना अधिकारी बनाया गया है। नायाब तहसीलदारों को अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी के रूप में नामित करते हुए खरगोन नगर-ग्रामीण, बड़वाह (काटकूट), गोगावां (बिस्तान), सनावद, भगवानपुरा, भीकनगांव, झिरन्या, सेगांव (केली), महेश्वर (मण्डलेश्वर) एवं कसरावद के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई।

कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा बैठक

कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए

नवभारत न्यूज

खरगोन, निप्र। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सुश्री मित्तल ने सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन विभागवार समीक्षा की और निम्न प्रगति वाले विभागों को सख्त निर्देश दिये कि शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकरण करें और ग्रेडिंग माह में सुधार लाएं। इस दौरान उन्होंने 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने समस्त जनपद सीईओ को सख्त निर्देश दिये कि क्लस्टर स्तर पर सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर प्रतिदिन उसका रिव्यू लें और ग्रेडिंग में सुधार लाए। वही सभी एसडीएम को सीएम हेल्पलाइन में 85 प्रतिशत अचीव करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा की और पात्र हितग्राहियों को शासन की महत्वपूर्ण

हितग्राहीमूलक योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने के निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होंने सभी जनपद सीईओ को विभिन्न हितग्राहीमूलक योजना जैसे आयुष्मान, जाति प्रमाण पत्र, मातृवंदना योजाना, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, सहित अन्य समस्त योजनाओं के प्रति जनपद 03-03 हजार आवेदनों को पोर्टल पर इन्ट्री कर लाभ दिलाने के निर्देश दिए है। सभी नगरीय निकायो के सीएमओ को विभिन्न योजनाओं के 01-01 हजार का लक्ष्य दिया गया है। कलेक्टर ने संकल्प से समधान अभियान के तहत कम प्रगति वाले विभागों को सख्त निर्देश दिए है और हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ देकर पोर्टल पर इन्ट्री करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर सुश्री ने ई-विकास पोर्टल की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उप संचालक कृषि को निर्देश दिए कि जनपद स्तरीय अमले, पंचायत सचिव, जीआरएस, पटवारी व पैक्स समितियों को ई-विकास प्रणाली का अच्छी तरह से प्रशिक्षण दिया जाए ताकि आगामी दिनों में ई-पोर्टल का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। एसडीएम ई-विकास प्रणाली के कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करेंगे। को-ऑपरेटिव सोसाईटी द्वारा अब तक ई-विकास पोर्टल पर कितने ई-टोकन जनरेट किये है उसकी जानकारी ली और जिन्होंने ई-टोकन नहीं जारी किये हैं उन्हें जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा की और सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि कम फार्मर रजिस्ट्री करने वाले पटवारियों की समीक्षा की जाए। उन्होंने मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कर ले ताकि किसानों को सुगमता के साथ खाद का वितरण किया जा सके। कलेक्टर ने पेयजल कार्यों की समीक्षा की और सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायो के सीएमओ को निर्देश किया कि अपने अमले द्वारा पानी की टंकियों की सफाई की जाए और बंद कुओं को ढकने का कार्य अगले एक सप्ताह में पूर्ण किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने डीप्टी डायरेक्टर पशुपालन एवं लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनू योजना अंतर्गत स्वरोजगार के जो प्रकरण बैंक शाखा स्तर पर लंबित है उन्हें स्वीकृत करें। इस दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो प्रकरण शाखा स्तर पर लंबित है और पात्रता रखते हैं और पूर्ण दस्तावेज दस्तावेज होने के बावजूद स्वीकृत नहीं किये जा रहे हैं तो ऐसे बैंक शाखा प्रबंधकों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग के कार्यो। और योजनाओं की समीक्षा की एवं विभागीय योजनाएं में कम प्रगति पर पाये जाने पर उप संचालक सामाजिक न्याय को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रताप कुमार अगास्या एवं श्री अनिल जैन, सभी एसडीएम सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जबकि अन्य अधिकारी वीडियो कांन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े थे।

सनावद में एक जर्जर गली ने स्थानीय कॉलोनी निवासियों का जीवन मुश्किल बना दिया

सनावद। मध्य प्रदेश के सनावद शहर में जवाहर मार्ग के निकट स्थित एक जर्जर गली ने स्थानीय कॉलोनी निवासियों का जीवन मुश्किल बना दिया है। वर्षों से टूटी-फूटी नाली, गड्ढों से भरी सड़क और सीमेंटिकरण की कमी के कारण यह गली खतरनाक हो चुकी है। खास बात यह है कि इसी गली में एक आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हो रहा है, जिससे छोटे बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

निवासियों की प्रमुख शिकायतें:- गली की हालत इतनी खराब है कि बारिश के मौसम में पानी जमा हो जाता है, जिससे मच्छरों का प्रजनन बढ़ता है और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। नाली टूटकर गड्ढों में बदल चुकी है, जिससे आंगनवाड़ी केंद्र तक पहुंचना बेहद मुश्किल हो गया है। बच्चों को लेकर जाना-आना जोखिम भरा हो गया है, और महिलाएं भी परेशान हैं। पिछले कई वर्षों से नगर पालिका को बार-बार सूचित करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे निवासी निराश हैं। स्थानीय निवासी जीतेन्द्र छल्लोत्रा ने बताया, 'हमने कई बार नगरपालिका को सूचना दी, लेकिन पिछले कई वर्षों से कोई सुधार नहीं हुआ। आंगनवाड़ी केंद्र तक पहुंचना मुश्किल हो गया है, बच्चों की सुरक्षा को खतरा है।' अन्य प्रभावित निवासियों में सीमा छल्लोत्रा, सुधीर कनाड़े, दुर्गा शंकर पाटीदार, नीलेश पुनासिया, रीना पुनासिया और अशोक वर्मा शामिल हैं। उन्होंने सामूहिक रूप से नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें निम्नलिखित मांगें की गई हैं। नाली की तत्काल मरम्मत। गली का पूर्ण सीमेंटिकरण। नियमित सफाई और रखरखाव। सुधीर कनाड़े ने कहा, 'यह समस्या सिर्फ हमारी नहीं, पूरे मोहल्ले की है। बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, फिर भी प्रशासन सो रहा है।'

समस्या की गंभीरता:- सनावद में ऐसी जर्जर सड़कों और नालियों की समस्या कई मोहल्लों में देखी जाती है, लेकिन आंगनवाड़ी केंद्र होने से यह मामला बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा होने के कारण अधिक संवेदनशील है। मध्य प्रदेश में कई जगहों पर आंगनवाड़ी केंद्र जर्जर भवनों या खराब पहुंच वाली जगहों पर चल रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य और शिक्षा प्रभावित हो रही है। नगर पालिका की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन निवासियों की उम्मीद है कि ज्ञापन के बाद जल्द कार्रवाई होगी। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि प्रशासन इस समस्या को प्राथमिकता दे और गली को सुरक्षित बनाए, ताकि आंगनवाड़ी केंद्र सुचारु रूप से चल सके और बच्चों को कोई खतरा न हो। यदि नगर पालिका इस मुद्दे पर त्वरित कदम उठाती है, तो यह पूरे क्षेत्र के लिए राहत की बात होगी। स्थानीय निवासी आगे भी आवाज उठाने के लिए तैयार हैं।

आज अंग्रेजी के पर्चे से शुरु होगी 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं

खरगोन, निप्र। मंगलवार को अंग्रेजी विषय के पर्चे के साथ बोर्ड परीक्षाओं का आगाज होगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल से मिले निर्देशों के अनुसार जिला प्रशासन ने परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले में कक्षा 12वीं के लिए बनाए गए 87 परीक्षा केंद्रों पर बैठक व्यवस्था अनुसार रोल नंबर डालने का काम पूरा कर लिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एसके कानूडे ने बताया कि हायर सेकेंडरी में नियमित विद्यार्थियों की संख्या 14 हजार 298 है, इनमें नियमित छात्र 11971 और स्वाध्यायी छात्र 2327 है। 87 केंद्रों में 10 अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखे गए है। परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होगी। बोर्ड ने निर्देश जारी किए है कि परीक्षार्थी पहले दिन परीक्षा समय से एक घंटा पहले अपने केंद्र पहुंचे, जिससे रोल नंबर एवं परीक्षा कक्ष तलाशने में आसानी होगी। नकल रोकने के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए फ्लाइंग स्क्वॉड, सीसीटीवी निगरानी और थानों से प्रश्न-पत्र निकालने तक की वीडियोग्राफी की जाएगी। इससे पेपर की सुरक्षा पर पूरी तरह सुनिश्चित हो सकेगी। इन केंद्रों पर होने वाली गतिविधियों पर भोपाल स्थित बोर्ड कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से सीधी निगरानी रखी जाएगी। जिससे परीक्षा प्रक्रिया की हर कड़ी पारदर्शी और सुरक्षित बनी रहेगी।

सनावद में मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण की समस्या फिर से सिर उठा रही है

सनावद, निप्र। शहर के मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण की समस्या फिर से सिर उठा रही है, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। नवंबर में नगर पालिका द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं—बल्कि कई जगहों पर स्थिति पहले से बदतर हो गई है।

कार्रवाई का पूर्व विवरण:- नगर पालिका ने मुख्य मार्गों जैसे बस स्टैंड, माता चौक, खरगोन रोड आदि पर फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया था। अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला और मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) राजेंद्र मिश्रा के निर्देशन में अमले ने सड़कों पर उतरकर अस्थाई दुकानें, ठेले-खोमचे हटाए थे। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चालान काटे गए और सख्त चेतावनी दी गई थी। उद्देश्य स्पष्ट था—बढ़ते वाहनों को ध्यान में रखते हुए वाहनों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करना और

जाम से राहगीरों को राहत देना। कुछ दिनों से मुख्य मार्गों पर ठेलों और अस्थाई दुकानों के कारण जाम की स्थिति बन रही थी, जिसकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की गई थी।

वर्तमान स्थिति:- लेकिन अब यही समस्या दोबारा उभर आई है। मुख्य मार्गों पर ठेले, खोमचे और अस्थाई अतिक्रमण फिर से बढ़ गए हैं, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है और जाम की स्थिति लगातार बनी हुई है। पहले की घोषणाएं जैसे 'व्यापार नहीं, सुगम यातायात प्राथमिकता' और 'मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा' अब खोखली साबित हो रही हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कार्रवाई सिर्फ दिखावटी रह जाती है, फॉलो-अप नहीं होता।

समान समस्याओं का इतिहास:- सनावद में अतिक्रमण हटाने की मुहिमें पहले भी चलती रही हैं, जैसे खरगोन रोड पर अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई (पुरानी रिपोर्ट्स में 2022 तक जिक्र), लेकिन स्थायी समाधान नहीं मिल पा रहा। खरगोन जिले में अन्य जगहों पर भी 2025 में अतिक्रमण हटाओ अभियान चले, लेकिन सनावद में मुख्य मार्गों की समस्या बनी हुई है। नगर पालिका का दावा है कि मुख्य मार्ग अतिक्रमण मुक्त रहने चाहिए।

एचएम अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बड़वाह, निप्र। HM हॉस्पिटल के सहयोग से एवं सिक्ख समाज के युवाओं द्वारा गठित शहीद भगत सिंह सेवा दल एवं श्री गुरु सिंघ सभा बड़वाह के सहयोग से सिक्ख समाज के लिए एक नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया* श्री गुरु सिंघ सभा बड़वाह समिति के अध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह भाटिया ने बताया कि शिविर के आरम्भ में बड़वाह के द्धद्व अस्पताल के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर हिमांशु सिंह एवं डॉक्टर मोहिनी सिंह ठाकुर अपने सहयोगियों के साथ गुरुद्वारा साहेब में विभिन्न प्रकार की सामान्य एवं गंभीर बीमारियों से संबंधीत विशेषकर सी पी आर से संबंधित प्रमुख जानकारियां साझा की एवं उनसे किस प्रकार बचे इस संबंध में भी जानकारी प्रदान की सचिवद्वय सरदार परविंदर सिंह एवं सरदार गुलबीर सिंह ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से सिक्ख समाज के लगभग लगभग 130 सदस्यों ने पंजीयन करवा के

विभिन्न प्रकार की जांचें जिसमें शुगर, बी पी, दिल की धड़कन, ई सी जी, ब्लड ग्रुप पहचान आदि जांचे नि:शुल्क रूप से करवाई मीडिया प्रभारी सरदार सतविंदर सिंह भाटिया ने बताया कि इस शिविर का आयोजन गुरुद्वारा साहेब में सिक्ख संगत के लिए सुबह 9 बजे प्रारंभ होकर से 1 बजे तक आयोजित हुआ, उन्होंने बताया कि अपने स्वास्थ्य के प्रति सिक्ख समाज के समस्त सदस्यों की जागरूकता को देखकर मौजूद चिकित्सकों को काफी सुकून प्राप्त हुआ*इस अवसर पर एच. एम. टीम के प्रतिनिधि श्री प्रदीप साने द्वारा सीपीआर (हृदय-फेफड़ा पुनर्जीवन प्रक्रिया) का प्रदर्शन कर आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, जिससे उपस्थित नागरिकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के समापन पर श्री प्रतीक सिंह द्वारा आभार व्यक्त किया गया। शिविर के दौरान बीपी, पल्स, रेस्पिरेशन, तापमान जांच, ईसीजी, ब्लड ग्रुप परीक्षण, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क दवा वितरण की सेवाएं प्रदान की गईं। कुल 130 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से 49 की ईसीजी जांच, 70 की ब्लड ग्रुप जांच तथा 100 से अधिक लोगों को नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर की सफलता में एच. एम. परिवार के प्रदीप जी साने ,डॉ. विष्णु, विवेक, प्रशांत, निकिता, वर्षा, अमन, सतीश, तुलसी, बख्शीश कौर,अंतिमा, शुभम एवं चेतना का विशेष योगदान रहा।

एक नजर में

जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली (CMMS) वेब पोर्टल के माध्यम से मैनेजमेंट एवं मॉनिटरिंग की जाएगी

जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

खरगोन, निप्र। भारत की आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना से जुड़ी विभिन्न विषयों पर समीक्षा की गई। जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाएगा। प्रथम चरण मकानसूचीकरण का कार्य 01 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि जनगणना 2027 में स्व-गणना पोर्टल (SE पोर्टल), मोबाइल

एप (HLO APP) के माध्यम से आंकड़ों का संकलन किया जायेगा। इसी क्रम में मकानसूचीकरण ब्लॉक क्रिएटर (HLBC) वेब पोर्टल के माध्यम से मकानसूचीकरण ब्लॉक का सृजन किया जायेगा। जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली (CMMS) वेब पोर्टल के माध्यम से मैनेजमेंट एवं मॉनिटरिंग की जाएगी। बैठक में कलेक्टर सुश्री मित्तल ने बताया कि जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मास्टर ट्रेनर्स का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण मार्च के तृतीय सप्ताह में भोपाल में, फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण जिला स्तर पर तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण तहसील/नगर स्तर पर आयोजित किया जाएगा। बैठक में मकानसूचीकरण ब्लॉक (के गठन, भवन नंबरिंग के दिशा-निर्देश, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में ब्लॉक निर्धारण के मानदंडों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिला प्रशासन से अपेक्षा की गई कि जनगणना 2027 से संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा टीएल बैठकों में की जाए तथा समय-सीमा में सभी दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, उप निदेशक एवं संभाग प्रभारी श्री अभिमन्यु अरोड़ा, जिला प्रभारी श्री आकाश सोनी सहित समिति के सदस्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।